# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।
E-mail I.D:- cdsantkabirnagar@gmail.com, E-mail I.D:- eeruralskn@gmail.com,

पत्रांक 398 / W-05 / 29 दिनांक 20/05/2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

लखनऊ।

विषय:- हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 20.05.2026 को " गांव के बाहर रहकर ओवर हेड टैंक को आपरेटर कर रहा पम्प आपरेटर" के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **" गांव के बाहर रहकर ओवर हेड टैंक को आपरेटर कर रहा पम्प आपरेटर"** के संबंध में अवगत कराना है कि वि0ख0-खलीलाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत **सेमरा पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य 11241 मी० पूर्ण है, पम्प हाऊस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है तथा गृह संयोजन का कार्य कुल 531 नग के सापेक्ष 413 नग पूर्ण कर ग्रामवासियों को नियमित रुप से जलापूर्ति दिया जा रहा था, परन्तु दिनांक 20.05.2026 को PWD के द्वारा रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मेन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे जलापूर्ति बाधित हो गयी है तथा राजस्व ग्राम रसूलाबाद में विवाद होने के कारण पाइप लेइंग एवं ज्वाइंटिंग का कार्य रोक दिया गया है।






अवगत कराना है कि सेमरा पेयजल योजना पर नियुक्त पम्प आपरेटर श्री धर्मेन्द्र चौरसिया से वार्ता करने पर बताया गया कि लगभग 20 दिन पूर्व तबीयत खराब होने से अपना इलाज कराने हेतु गाजियाबाद गया था, ग्राम में सप्लाई बाधित न हो इस कारण आपरेटर द्वारा अपने ही घर के सदस्य द्वारा पम्प का संचालन कराया जा रहा था। अपना इलाज कराकर श्री धर्मेन्द्र चौरसिया (पम्प आपरेटर) द्वारा पुनः पम्प का देख-भाल किया जा रहा है (संलग्नकः- फोटोग्राफ)।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. कार्यदायी फर्म- जैक्शन-विश्वराज (जे०वी०), संतकबीरनगर।

अधिशासी अभियन्ता

# गांव से बाहर रह वाटर हेड टैंक को आपरेट कर रहा पम्प आपरेटर

May 20, 2026 11:09 am IST Newswrap हिन्दुस्तान, संतकबीरनगर

Santkabir-nagar News - संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। संतकबीरनगर जिले के विकास खण्ड खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में




संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। संतकबीरनगर जिले के विकास खण्ड खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना के तहत जल आपूर्ति की पाइपलाइन और एक ओवर हेडटैंक का निर्माण जल निगम ने कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल आपूर्ति के लिए नियुक्त पम्प आपरेटर गांव से बाहर रह नौकरी कर पम्प का संचालन कर रहा है। भगवान भरोसे चल रहे इस पम्प से कभी भी कोई बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसे लेकर जिम्मेदार उदासीन बने हुए है। ग्रामीणों इसकी जांच जिला प्रशासन से करने की मांग की है।

गांव के राहुल चौरसिया, पवन चौरसिया, अवधेश कुमार आदि लोगों का कहना है कि ऑपरेटर के गांव से बाहर रहने के कारण पंप में तकनीकी खराबी आने पर उसका तत्काल समाधान नहीं हो पाता है। कई बार घंटों तक सप्लाई बंद रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान की मिलीभगत से पम्प आपरेटर धर्मेन्द्र चौरसिया के स्थान पर उसका नाबालिग भांजा पम्प का संचालन कर रहा है। जिसकी शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिला